आकाशवाणी केन्द्र शिमला

29.03.2026 / प्रादेशिक समाचार / 11:00 बजे

मन की बात

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अब से कुछ देर बाद 11 बजे आकाशवाणी के मन की बात कार्यक्रम में देश और विदेश के लोगों से अपने विचार साझा करेंगे। यह मासिक रेडियो कार्यक्रम की 132वीं कड़ी होगी। कार्यक्रम का प्रसारण आकाशवाणी और दूरदर्शन के समूचे नेटवर्क, एआईआर न्यूज़ वेबसाइट और न्यूज़ऑनएयर मोबाइल ऐप पर किया जाएगा। इसका सीधा प्रसारण एआईआर न्यूज़, डीडी न्यूज़, प्रधानमंत्री कार्यालय और सूचना व प्रसारण मंत्रालय के यूट्यूब चैनलों पर भी किया जाएगा।

प्रधानमंत्री

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वैश्विक चुनौतियों के बीच सामूहिक प्रयास और राष्ट्रीय एकता का आह्वान किया है। उन्होंने कहा कि उन्होंने संसद में पश्चिम एशिया में चल रहे संघर्ष से उत्पन्न संकट से निपटने के बारे में विस्तार से बात की है और मुख्यमंत्रियों के साथ विस्तृत चर्चा की है। प्रधानमंत्री ने शांत मन और धैर्य को भारतीयों की सबसे बड़ी ताकत बताया और इसी के जरिए देशवासियों से मौजूदा संकट का सामना करने की अपील की।

पूरे विश्व में परेशानी पैदान करने वाला संकट है हमें अपने देश की सबसे ज्यादा चिंता है ओर यही हम भारतीय की सबसे बड़ी ताकत है जो भारतीयों के हक में है जो भारत के हित में है वहीं भारत सरकार की नीति और रणनीति है मुझे पूरा भरोसा है कि देश के सभी राजनीतिक दल देश के एक जुट प्रयासों को वह बल देंगे ताकत देंगे।

प्रधानमंत्री ने दोहराया कि जो भारतीयों और भारत के हित में है, वही भारत सरकार की नीति और रणनीति है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि सभी राजनीतिक दल देश के संयुक्त प्रयासों को मजबूती प्रदान करेंगे।

कांग्रेस–कार्यकारिणी

अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी ने करीब डेढ़ साल बाद प्रदेश में कांग्रेस की कार्यकारिणी का गठन कर दिया है। कार्यकारिणी में 27 महासचिव और 12 उपाध्यक्ष बनाए गए हैं। कार्यकारिणी में इस बार कई नए चेहरों को स्थान दिया गया है। पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव केसी वेणुगोपाल की ओर से कल देर रात इस संबंध में अधिसूचना जारी कर दी गई है। इसके अलावा राजनीतिक मामलों की समिति का गठन किया गया है जिसमें कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष विनय कुमार, मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू, सहित 26 सदस्य शामिल हैं।

किन्नौर–बुनकर

जनजातीय जिला किन्नौर के बुनकरों को आर्थिक रूप से मजबूत बनाने के लिए केंद्र सरकार द्वारा कंसेशनल क्रेडिट स्कीम चलाई जा रही है। यह योजना जिले के पारंपरिक हथकरघा और बुनाई कार्य से जुड़े लोगों के लिए काफी लाभकारी सिद्ध हो रही है। किन्नौर जैसे दूर दराज और जनजातीय क्षेत्र में इस तरह की योजनाएं स्थानीय रोजगार को बढ़ावा देने के साथ साथ पारम्परिक कला और संस्कृति को संरक्षित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। अधिक व्यौरे के साथ हमारी किन्नौर जिला संवाददाता......

जनजातीय जिला किन्नौर के बुनकरों को आर्थिक रूप से मजबूत बनाने के लिए केंद्र सरकार द्वारा कंसेशनल क्रेडिट स्कीम चलाई जा रही है। उद्योग केंद्र किन्नौर के महाप्रबंधक गुरु लाल नेगी ने जानकारी देते हुए बताया कि इस योजना के तहत बुनकरों को अधिकतम 10 लाख रुपये तक का ऋण उपलब्ध कराया जा रहा है, उन्होंने बताया कि योजना के अंतर्गत 25 हजार रुपये तक की सब्सिडी के साथ–साथ 6 प्रतिशत तक ब्याज अनुदान भी भारत सरकार द्वारा दिया जा रहा है। इससे बुनकरों पर ऋण का बोझ काफी हद तक कम होगा । गुरु लाल नेगी ने जिले के सभी पात्र बुनकरों से अपील की है कि वे इस योजना का अधिक से अधिक लाभ उठाएं। आकाशवाणी के लिए किन्नौर से सुमेश नेगी।

<u>मौसम</u>

मौसम विभाग के अलर्ट के बीच प्रदेश ने मौसम ने करवट ली है। राजधानी शिमला सहित प्रदेश के अधिकांश भागों में घने बादलों के बीच रूक–रूक कर बारिश हो रही है। वहीं जनजातीय क्षेत्र किन्नौर व लाहौल स्पीति, कुल्लू जिलों की ऊंची चोटियों पर हल्की बर्फबारी का समाचार है। विभाग ने आज प्रदेश के 5 जिलों चम्बा, कांगड़ा, कुल्लू, मंडी व शिमला के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया है विभाग ने इन स्थानों में बिजली, 40 से 50 किलो मीटर प्रति घंटा की रफ्तार से तेज हवाऐं चलने के साथ बारिश व ओलावृष्टि की संभावना जताई है। वहीं उना, बिलासपुर, हमीरपुर, सोलन व सिरमौर जिलों के लिए यलो अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग ने 31 मार्च तक राज्य के ऊंचे व मध्यवर्ती क्षेत्रों में बर्फबारी व बारिश जबकि मैदानी भागों में वर्षा की संभावना जताई है।

<u>एमओयू</u>

प्रदेश में नियोजित शहरीकरण ईको–सिस्टम तैयार करने के उद्देश्य से प्रदेश सरकार और सेंटर ऑफ एक्सिलेंस इन अर्बन प्लानिंग एंड डिजाइन स्कूल ऑफ प्लानिंग एंड आर्किटेक्चर, नई दिल्ली के बीच शिमला में एक समझौता ज्ञापन हस्ताक्षरित किया गया। नगर व ग्राम नियोजन मंत्री राजेश धर्माणी ने बताया कि इस एमओयू के अनुसार बिलासपुर, हमीरपुर और ऊना जिल के लिए क्षेत्रीय स्तर पर कार्य योजना तैयार की जाएगी। उन्होंने कहा कि यह साझेदारी इन जिलों में व्यवस्थित शहरीकरण की शुरूआत करने में सहायक साबित होगी।